web : www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

SJU Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, गुरूवार 20 जून 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-258

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

## 60 वर्ष पूरे होने पर नौसेना ने एयर स्क्वाड्रन की हीरक जंयती मनाई

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारतीय नौसेना के पहले एयर स्क्वाड्रन 550 ने 17 जून को नौसेना के कोच्चि स्थित अड्डे में अपनी हीरक जयंती मनाई। राष्ट्र के लिए 60 वर्षों की शानदार सेवा पूरा करते हुए, भारतीय नौसेना के एयर स्क्वाड्रन (आईएनएस ) 550 ने नौसेना के समुद्री टोही पायलटों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इस अवसर को यादगार बनाने के लिए एयर स्क्वाड्रन की ओर से कई तरह की गतिविधियां और सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम के 11 जून को अंगदान जागरुकता पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें नौसेना के दक्षिणी कमान के अधिकारियों और सैनिकों के परिवारों की ओर से काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली।



स्क्वाड्रन के 60 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 17 जून 2019 को डाक विभाग के मध्य क्षेत्र के सहायक अधीक्षक और केरल के एरनाकुलम स्थित प्रधान डाकघर के वरिष्ठ पोस्ट मास्टर की ओर से स्क्वाड्रन पर डाक टिकट का फर्स्ट डे कवर भी जारी किया गया। इसी दिन शाम को स्क्वाड्रन के सभी पूर्व और मौजूदा अधिकारियों को सम्मानित करने के लिए एक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर नौसेना के दक्षिणी कमान के एवीएसएम, एनएम,वीएसएम , फ्लैग आफिसर कमांडिंग इन चीफ वाइस एडमिरल एके चावला मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस अवसर पर दिवंगत लेफ्टिनेंट साइमन जॉर्ज पाइनमूटिल की स्मृति में एक ट्रॉफी अधिकारी के परिवार द्वारा डोर्नियर ऑपरेशनल फ्लाइंग ट्रेनिंग कोर्स के सबसे बहादुर अधिकारी को दिए जाने के लिए स्थापित की गई। यह ट्रॉफी उस अधिकारी की याद को अमर बनाने के लिए स्थापित किया गया है जो एक बेहतरीन और योग्य आइलैंडर पायलट थे और जिन्होंने 17 मई 1985 को स्क्वाड्रन की सेवा करते हुए एक घातक हवाई दुर्घटना में अपनी जान गंवा दी थी।

18 जून, 2019 को सागरिका में एयरबोर्न मैरिटाइम टोही की चुनौतियों के संबध में हुयी तकनीकी प्रगति पर एक संगोष्ठी भी आयोजित की गई थी। वाइस एडमिरल एके चावला, ने इस अवसर पर मुख्य भाषण दिया।

स्क्वाड्रन अब तक 14 विभिन्न प्रकार के विमान उड़ा चुका है जिसमें सी लैंड एयरक्राफ्ट से लेकर मौजूदा समय के डोर्नियर समुद्री टोही विमान शामिल हैं। स्क्वाड्रन 1971 के भारत-पाक युद्ध से लेकर दिसंबर 2004 में आयी सुनामी, 2017 में चक्रवात ओखी और 2018 में केरल में आयी विनाशकारी बाढ़ के दौरान मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों में हिस्सा ले चुका है।

## बीजेपी सांसद ओम बिरला लोकसभा के निर्विरोध स्पीकर चुने गए



नईदिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के सदस्य ओम बिड़ला बुधवार को 17वीं लोकसभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पेश एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा समर्थित प्रस्ताव को सदन ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। बिड़ला को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के संबंध में 13 प्रस्ताव पेश किये गए। इस प्रस्ताव का लोकसभा में सभी दलों ने समर्थन किया। अस्थायी अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने बिड़ला के निर्वाचन की घोषणा की और प्रधानमंत्री सहित सभी दलों के नेता बिड़ला को अध्यक्ष के आसन तक लेकर गये। अस्थायी अध्यक्ष ने बिड़ला को आसन पर बिठाया।

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने दो दिन तक सदस्यों को लोकसभा की सदस्यता की शपथ दिलाने एवं अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए डॉ. वीरेन्द्र कुमार का आभार व्यक्त किया। पीएम मोदी ने बिड़ला के निर्वाचन पर बधाई देते हुए कहा कि बिड़ला को काफी सांसद जानते हैं और बिड़ला ने राजस्थान में जनता की काफी सेवा की है।

ओम बिड़ला राजस्थान के कोटा से सांसद है और दूसरी बार लोकसभा चुनाव जीते हैं। इससे पहले वह राजस्थान सरकार में संसदीय सचिव रहे हैं। इस दौरान उन्होंने लीक से हटकर कई पहल की थीं। 2014 में कई संसदीय समितियों में रहे. इसके अलावा उनकी प्रबंधन क्षमता भी अच्छी है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मोदी ने जन्मदिन पर राहुल को दीं शुभकामनाएं

नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना की। उन्होंने ट्वीट किया, राहुल गांधी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं। ईश्वर उन्हें अच्छा स्वास्थ्य दे और दीर्घायु बनाए। लोकसभा चुनावों के दौरान दोनों नेताओं के बीच तीखी बयानबाजी देखने को मिली थी। इन चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को भारी बहुमत से जीत मिली। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी गांधी के जन्मदिन पर उन्हें अकबर रोड स्थित पार्टी के मुख्यालय में बधाई दी। पार्टी अध्यक्ष कार्यकर्ताओं और मीडियाकर्मियों के साथ इस दौरान हलके-फुलके अंदाज में नजर आए। गांधी ने उन्हें जन्मदिन की बधाई देने वाले लोगों को मिठाइयां भी खिलाई।

### जापान में भूकंप के झटके, 21 लोग घायल

टोक्यो। जापान के पश्चिमोत्तर इलाके में भूकंप के जोरदार झटके के कारण कम से कम 21 लोग घायल हो गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.7 मापी गयी। एनएचके ब्राडकास्टर की रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गयी। इससे पहले मिली खबरों में घायलों की संख्या 15 बतायी गयी थी। जापान में मंगलवार को आए 6.7 तीव्रता के भूकंप से यमागाटा शहर के साथ निगाता, मियागी, और इशिकावा प्रांतों में कई लोग घायल हुए है। भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई थी, लेकिन बाद में जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने इसे खारिज कर दिया था।


### क्षमता से अधिक भरी नाव डूबी, कम से कम 17 की मौत

जकार्ता। इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर क्षमता से अधिक भरी नाव डूब गई। इसमें कम से 17 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लापता हैं। ये लोग ईद मनाने के लिए अपने गृह शहर गये थे और अब वहां से लौट रहे थे। पूर्वी जावा पुलिस के प्रवक्ता फैंस बारुंग मंगेरा ने बताया कि अरीम जया मदुरा द्वीप पर रास गांव से नजदीकी कलिआगेत जा रही थी लेकिन सोमवार को एक तीन फुट ऊंची लहर की वजह से डूब गई। लकड़ी की नाव में 60 लोग सवार थे जबकि इसकी क्षमता केवल 30 के लिए थी। मंगेरा ने बताया कि खोज टीमों और स्थानीय मछुआरों ने 39 लोगों को बचा लिया। उन्होंने बताया कि मंगलवार को मौसम में सुधार होने के बाद और नावों को खोज अभियान में लगाया गया तथा चार बच्चों समेत कम से कम 17 शवों को बरामद किया गया। वे चार अन्य लोगों की तलाश कर रहे हैं जो लापता है।

### सरकारी एजेंसियों ने नहीं मारा ब्लॉगर को : पाक सेना

इस्लामाबाद। देश के राजनीतिक एवं सैन्य नेताओं के धुर आलोचक रहे मोहम्मद बिलाल खान की हत्या के मामले की निंदा करते हुए पाकिस्तानी सेना ने कहा कि उनकी मौत के लिए सरकार के सुरक्षा बल जिम्मेदार नहीं हैं। खान की सोमवार को राजधानी इस्लामाबाद के कराची कंपनी इलाके में छुरा मार कर हत्या कर दी गई थी। सेना के एक प्रवक्ता मेजर जनरल आसिफ गफूर ने कहा कि यह खान की हत्या में सरकारी एजेंसियों को फंसाने का दुर्भावनापूर्ण प्रयास एवं दुष्प्रचार है। पुलिस उस फोन कॉल के बारे में पता लगा रही है जिसके माध्यम से खान के हमलावरों ने उन्हें कराची कंपनी इलाके में बुलाया था। बताया जाता है कि खान के कट्टरपंथी इस्लामी समूहों के साथ करीबी रिश्ते थे। वह अपने ट्विटर अकाउंट पर प्रधानमंत्री इमरान खान और पाकिस्तान के शक्तिशाली सुरक्षा बलों की नियमित रूप से आलोचना करता था। इस अकाउंट के फॉलोवरों की संख्या 16,000 से अधिक थी।

## ट्रंप के आग्रह पर चीनी राष्ट्रपति ने की फोन पर बात



बीजिंग। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप के साथ फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं की यह बातचीत अमेरिकी राष्ट्रपति के आग्रह पर हुई है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, मंगलवार को फोन कॉल के दौरान, ट्रंप ने कहा कि वह इस महीने के आखिर में जापानी शहर ओसाका में आगामी जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान शी से मिलने और द्विपक्षीय संबंधों और आम चिंता के मुद्दों पर गहन चर्चा करने के लिए उत्सुक हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी पक्ष चीन के साथ अपने आर्थिक और व्यापार सहयोग को महत्व देता है और उम्मीद करता है कि दोनों पक्षों की टीमें वार्ता कर सकती हैं, और जल्द से जल्द मौजूद विवाद को हल करने का एक तरीका खोज सकती है।

ट्रंप ने कहा कि उनका मानना है कि पूरी दुनिया अमेरिका और चीन के एक समझौते पर पहुंचने की उम्मीद कर रहे है। वहीं, शी ने कहा कि चीन-अमेरिका संबंधों में हाल ही में कुछ कठिनाइयां आई है, जो किसी के हित में नहीं है। शी ने कहा कि दोनों पक्षों को पारस्परिक सम्मान और लाभ के आधार पर चीन-अमेरिका संबंधों को समन्वय, सहयोग और स्थिरता के साथ आगे बढ़ाना चाहिए। चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि वह मौलिक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए ओसाका में ट्रंप से मिलने के लिए तैयार हैं।

## राजधानी में 6 साल की बच्ची से रेप, भीड़ का हंगामा

नईदिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के बवाना में बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न और उसके बाद लोगों के अस्पताल में हंगामा का मामला सामने आया है. बताया जा रहा है कि दिल्ली के बाहरी क्षेत्र में 6 साल की बच्ची का यौन उत्पीड़न किया गया, जिसके बाद जांच के लिए बच्ची को नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया. डॉक्टरों ने बताया कि आपात सेवा बंद होने का हवाला देकर उन्होंने बच्ची को दूर के एक अस्पताल में रेफर कर दिया. इससे गुस्साई भीड़ ने अस्पताल में तोड़फोड़ की और जमकर बवाल काटा.

किंग्सवे कैंप स्थित महर्षि वाल्मीकि अस्पताल के अनुसार पहले एक व्यक्ति को कई जख्मों के साथ अस्पताल में लाया गया. उसका इलाज किया जा रहा था. इसके कुछ देर बाद ही यौन उत्पीड़न की शिकार बच्ची को यहां लाया गया. प्रोटोकॉल के मुताबिक उसकी जांच के लिए हम जो कर सकते थे, हमने किया और इसके बाद उसे प्रसूति गृह भेज दिया गया.



हालांकि पीड़ित बच्ची की मेडिकल जांच के लिए कुछ और टेस्ट की जरूरत थी, लेकिन हमारे अस्पताल की आपात सेवा बंद हो गई थी. इसलिए मरीज को डॉ. बीएसए अस्पताल रेफर किया, जो यहां से 8-10 किलोमीटर की दूरी पर है. इतना सुनते ही भीड़ भड़क गई और अस्पताल की चीजें तोड़ने लगी.

अस्पताल की ओर से कहा गया कि भीड़ के डर के चलते अस्पतालकर्मी भी भागने लगे. इस दौरान लोगों ने अस्पताल में मारपीट भी की.

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को एक शख्स को बच्ची के कथित यौन उत्पीड़न करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है.

## सद्‌गुरु के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाएगी एएनसी

नईदिल्ली (आरएनएस)। अंडमान और निकोबार कमान (एएनसी), ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्‌गुरु के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाएगी। समारोह के तहत, 20 और 21 जून को बिर्चगंज, मिन्नी बे और आईएनएस उत्कर्ष में विभिन्न समूहों में योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। 21 जून को अंतिम दिन, सद्‌गुरु भारतीय नौसेना के फ्लोटिंग डॉक (एफडीएन-2) पर योग सत्र की अगुवाई करेंगे। वाइस एडमिरल बिमल वर्मा, एवीएसएम, एडीसी, कमांडर-इन-चीफ, अंडमान और निकोबार कमान के साथ भारतीय सेना, नौसेना, वायु सेना और तटरक्षक बल के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मी और उनके परिवार इस योग कार्यक्रम में भाग लेंगे। दो दिनों तक चलने वाले इस योग कार्यक्रम में 800 से अधिक कर्मियों और उनके परिवारों के भाग लेने की उम्मीद है।

आयुष प्रोटोकॉल के तहत योग प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए 10 से 16 जून तक मिन्नी बे में एक योग शिविर भी आयोजित किया गया था ताकि विभिन्न जगहों पर होने वाले योग सत्र में एएनसी के सभी घटकों को प्रशिक्षित किया जा सके।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए



आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए सद्‌गुरु के 20 जून 2019 को पोर्टब्लेयर पहुंचने और 22 जून 19 को प्रस्थान करने की उम्मीद है। यात्रा के दौरान सद्‌गुरु कमान के अंग दान करने वालों को सम्मानित करेंगे और एएनसी के कर्मियों तथा परिवारों के साथ बातचीत भी करेंगे। बातचीत के दौरान चर्चा व्यक्तिगत और व्यावसायिक चुनौतियों सहित कई मुद्दों को शामिल किया जाएगा जिसका सामना पुरुषों और महिलाओं को एक समान रूप से करना पड़ता है। इस दौरान इस पर भी चर्चा की जाएगी कि कैसे योग सशस्त्र बलों को बेहद आवश्यक संतुलन और शक्ति प्रदान कर सकता है। यात्रा से पहले सद्‌गुरु ने कहा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह देश के सबसे वीरान और कमजोर इलाकों में से एक है। राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा के लिए सेना की तीनों सेवाओं की कमान का प्रयास वास्तव में अनमोल है।

## राजधानी में बढ़ती मस्जिदों पर बीजेपी सांसद ने उठाए सवाल

### » उपराज्यपाल से की फौरन कार्रवाई की मांग



नईदिल्ली (आरएनएस)। राजधानी के पश्चिम दिल्ली से बीजेपी सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने दावा किया है कि उनके संसदीय क्षेत्र सहित शहर के कई भागों में सरकारी जमीन और सड़कों पर मस्जिदों की संख्या तेजी से बढ़ रही है. उन्होंने यह भी कहा कि इससे शहर का ट्रैफिक प्रभावित हो रहा है और जनता को असुविधा हो रही है.

इस मामले पर सांसद ने मंगलवार को उपराज्यपाल अनिल बैजल को पत्र लिखकर तत्काल कार्रवाई का अनुरोध किया है. उन्होंने उपराज्यपाल को लिखे पत्र में कहा, मैं पूरी दिल्ली में खासकर मेरे संसदीय क्षेत्र के कुछ खास भागों में सरकारी जमीन, सड़कों तथा एकांत स्थानों पर मस्जिदों के तेजी से बढ़ने के एक खास तरीके के रुख से अवगत कराना चाहता हूं.

वर्मा ने मस्जिदों की वजह से ट्रैफिक व्यवस्था गड़बड़ाने के अलावा आम जनता को हो रही असुविधा की भी बात कही. उन्होंने उम्मीद जताई कि इस मामले को गंभीरता से लिया जायेगा और उपराज्यपाल के कार्यालय द्वारा तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी.

## सर्वदलीय बैठक से विपक्षियों ने काटी कन्नी, ममता के बाद केजरीवाल, मायावती, नायडू की भी ना

### » एक देश, एक चुनाव



नईदिल्ली (आरएनएस)। एक राष्ट्र, एक चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज संसद में अहम बैठक बुलाई है। बैठक से विपक्षी नेताओं ने किनारा करना शुरू कर दिया है। सबसे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बैठक में भाग लेने की बात सामने आई थी वहीं अब बसपा सुप्रीमो मायावती, दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल, तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) प्रमुख चंद्रबाबू नायडू और डीएमके अध्यक्ष एम. के. स्टालिन ने भी बैठक में नहीं शामिल होने का मन बनाया है।

हालांकि उम्मीद है कि ये बड़े नेता बैठक में खुद शामिल न होकर अपने प्रतिनिधियों को भेज दें। वहीं खबर ये भी है कि कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी पार्टियों ने आज की बैठक के लिए रणनीति तय करने को साझा बैठक बुलाई थी, वह रद्द हो गई है। एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने बयान दिया है कि वह प्रधानमंत्री के द्वारा बुलाई गई बैठक में शामिल होंगे।

कांग्रेस के नेता गौरव गोगोई ने कहा कि उन्हें जहां तक पता है उनकी पार्टी मोदी द्वारा बुलाई गई बैठक में भाग नहीं लेगी। दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोर ग्रुप की बैठक बुलाई है। इस बैठक में पीएम के अलावा गृह मंत्री, रक्षा मंत्री, संसदीय कार्यमंत्री शामिल होंगे, जिसमें एक देश एक चुनाव को लेकर बैठक के एजेंडे पर बात होगी।

## रेस्तरां में वेटर चाकू मार की हत्या, आरोपी मैनेजर गिरफ्तार

नईदिल्ली (आरएनएस)। सेंट्रल दिल्ली के राजेंद्र नगर इलाके में एक रेस्तरां में सोमवार देर रात झगड़े के बाद फ्लोर मैनेजर ने वेटर और उसके साथी पर चाकू से हमला कर दिया. इस हमले में 22 साल के वेटर राहुल की मौत हो गई तो उसका साथी पवन (22) घायल हो गया. पवन अस्पताल में भर्ती है और हालत नाजुक बनी हुई है.

खबरों के मुताबिक, फ्लोर मैनेजर ने रेस्तरां में ठीक से सेवा नहीं देने पर राहुल को डांटा था और इसके बाद वह पवन को बुला लिया था. इस दौरान पवन ने फ्लोर मैनेजर कमल सिंह से गाली-गलौच करने के साथ ही थप्पड़ भी मार दिया था. इसके बाद फ्लोर मैनेजर ने राहुल और पवन पर से चाकू से हमला कर दिया. जबकि सोमवार देर रात 12:26 बजे पुलिस को सूचना मिली कि पूसा रोड पर चाकूबाजी हुई है. इसके बाद पुलिस घायल राहुल और पवन को नजदीकी अस्पताल में ले गई, जहां डॉक्टरों ने मूल रूप से नेपाल के रहने वाले राहुल को मृत घोषित कर दिया, जबकि पवन का इलाज चल रहा है.



चाकूबाजी का यह मामला सेंट्रल दिल्ली के पूसा रोड स्थिति द फीस्ट आउट एवं रेस्तरां का है, जहां राहुल और पवन वेटर का काम करते थे. मूल रूप से नेपाल का रहने वाले राहुल अपने परिवार के साथ सदर बाजार इलाके में रहता था. इसी रेस्तरां में आरोपी कमल सिंह फ्लोर मैनेजर है.

इस घटना के बाद राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है और आरोपी कमल की तलाश में जुट गई है. उसे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से स्पेशल स्टाफ के इंस्पेक्टर ललित और एसआई संदीप गोदारा ने दबोच लिया. रेस्तरां का फ्लोर मैनेजर भी नेपाल का ही रहने वाला है.